RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 217 | FRIDAY 14-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



कुत्ता आवारा नहीं, सरकारी था यार।
सरकारी गेहूं तभी, था वह रहा खिलार।
था वह रहा खिलार, तभी गेहूं सरकारी।
उसको था अहसास, बोरियां सभी हमारी।
कह साहिल कविराय, प्रशासन रहता सुत्ता।
राखी उनकी करे, यही सरकारी कुत्ता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




जन हितैषी
यूटर्न टाइम
PRESENTS
PUNJAB'S BIGGEST RECOGNITION FOR YOUNG ENTREPRENEURS
WESTERN LIVING PVT. LTD.
YEA 2026
YOUNG ENTREPRENEUR AWARDS
POWERED BY RALSON TYRES
IN ASSOCIATION WITH kothari marbles
FOR MORE DETAILS, CONTACT:
+91-99153-61166
+91-95690-30002
+91-99882-20063
janhetaishiuturntimesevents@gmail.com
VENUE: NIRVANA LUXURY HOTEL, LUDHIANA

# फीस पूरी तो सुविधाएं अधूरी क्यों? ग्रीन लैंड स्कूल के बाहर फूटा पेरेंट्स का गुस्सा

## AC-पानी को लेकर हंगामा, अभिभावकों का आरोप–बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। स्कूल को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, जहां बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जाता है। लेकिन अगर उसी शिक्षा के मंदिर में बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़े तो सवाल उठना लाजिमी है।

ऐसा ही मामला जालंधर बाईपास स्थित ग्रीन लैंड स्कूल के बाहर देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा।

अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि फीस पूरी ली जा रही है, लेकिन बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं अधूरी हैं। सबसे ज्यादा नाराजगी क्लासरूम में AC और पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर दिखाई दी।





### गर्मी में बच्चे परेशान, कई क्लासों में AC ठीक न होने का आरोप

*प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स का कहना है कि स्कूल की कई कक्षाओं में अउ सही तरीके से काम नहीं कर रहे। भीषण गर्मी में बच्चे घंटों क्लासरूम में बैठते हैं और घर पहुंचकर परेशानी की शिकायत करते हैं। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि जब स्कूल बच्चों की पढ़ाई और सुविधाओं के नाम पर पूरी फीस ले रहा है, तो उन्हें आरामदायक और सुरक्षित माहौल देना किसकी जिम्मेदारी है?*



### अब सवालों के घेरे में स्कूल मैनेजमेंट

मामले में स्कूल प्रिंसिपल और प्रबंधन का पक्ष जानने की भी कोशिश की गई। अब देखना होगा कि अभिभावकों के इन आरोपों पर स्कूल प्रबंधन क्या जवाब देता है और AC तथा पानी से जुड़ी शिकायतों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल पेरेंट्स ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विरोध और तेज किया जा सकता है।

### पानी पर भी बवाल–पेरेंट्स बोले, बच्चों की सेहत का सवाल

AC के साथ-साथ अभिभावकों ने स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उनका आरोप है कि बच्चों को साफ और पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। पेरेंट्स ने कहा कि साफ पानी कोई लग्जरी सुविधा नहीं, बल्कि हर बच्चे की बुनियादी जरूरत है। बच्चों की सेहत से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### स्कूल मैनेजमेंट ने कहा फीस में बढ़ोतरी नहीं हुई

- स्कूल मैनेजमेंट प्रमुख राजेश रुदा ने कहा की स्कूल सीएम मान के निदेर्शों अनुसार चलाया जा रहा है। उनपर लगाए जा रहे आरोप निराधार है फीस वर्ष के आरम्भ में एक बार ही बढ़ाई जाती है। फिर भी हमारी फीसें अन्यों के मुकाबले कम है। टीचर्स द्वारा अपनाई जा रही सख्ती छात्रों की भलाई के लिए है। पानी इत्यादि में डाली जा रही दवाई पीएयू के माहिरों की गाइडेंस अनुसार स्वस्थ जीवन शैली की लिए है।

### शिकायतें करते रहे पेरेंट्स, आखिर सड़क पर उतरने की आई नौबत

- अभिभावकों का दावा है कि इस संबंध में स्कूल प्रबंधन को पहले भी कई बार शिकायत की गई। निचले स्तर पर उनकी बात सुनी गई, लेकिन समस्याओं का कोई स्थायी समाधान सामने नहीं आया। इसके बाद नाराज पेरेंट्स ने स्कूल के बाहर पहुंचकर खुलकर अपनी आवाज उठाई। मीडिया के कैमरों के सामने भी अभिभावकों ने कहा कि वे स्कूल से कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं मांग रहे, बल्कि बच्चों को मलने वाली बेसिक सुविधाओं और बेहतर माहौल की मांग कर रहे हैं।

हर हर महादेव
श्री दण्डी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा से
शिव पुराण कथा
छठा दिन
स्थान: श्री दण्डी स्वामी तपोवन (तपोभूमि) आश्रम सिविल लाइन लुधियाना।
कथा 09 से 15 अगस्त 4 बजे से 7.30 बजे तक
हवन एंव भण्डारा 16 अगस्त 2026
आप सभी भक्त जनों को आमंत्रित किया जाता है।
विशेष सहयोग - ढाण्डा चैरीटेबल ट्रस्ट सिविल लाईन लुधियाना।
कथा वाचक आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज (हरिद्वार वाले)
Ansal Estatz M. 99155-07786





# पंजाब के वित्त मंत्री के 3 दोस्तों की कार छप्पड़ में गिरी, बाहर न निकल पाने के कारण तीनों की मौत, दो जख्मी



जगराओं /यूटर्न/13 अगस्त। लुधियाना में रायकोट के पास गांव बसियां के पास बुधवार देर रात करीब एक बजे आप मंत्री हरपाल सिंह चीमा के करीबी 3 दोस्तों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर छप्पड़ में जा गिरी। जिस कारण तीनों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और डूबने से उनकी मौत हो गई। जबकि उनके दो साथी घायल हैं। मृतकों में आम आदमी पार्टी के नेता बलकार सिंह, विशाल और संदीप शामिल हैं। मृतक संदीप के मामा शेर ने कहा कि उन्हें रात को फोन किया, तो उन्होंने कहा कि पांच युवक नकोदर में माथा टेककर वापिस दिड़बा जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। मृतकों में संदीप सिंह को पटियाला में यूथ संगठन का प्रधान बताया जा रहा है, जबकि बलकार सिंह पंचायत सदस्य थे। विशाल बिजनेस से जुड़ा हुआ था। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को तीनों मंत्री के साथ विधानसभा सेशन देखने भी गए थे।



मृतक संदीप की फाइल फोटो

## माथा टेककर लौट रहे थे, मोड़ पर बेकाबू हुई कार

जिंदर सिंह फौजी ने बताया कि पांचों युवक दिड़बा के नजदीकी गांव के रहने वाले हैं। बलकार सिंह और उसके दोस्त जेटा कार से नकोदर माथा टेकने गए थे। वापसी के दौरान रायकोट के पास सड़क के एक मोड़ पर कार बेकाबू होकर छप्पड़ में गिर गई। हादसे के बाद पांचों युवक कार में फंस गए। आवाज और युवकों की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि तीन अन्य की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बलकार सिंह की दो बेटियां हैं।

## ग्रामीणों ने पानी के ऊपर दो युवकों को देखा

छप्पड़ के सामने रहने वाले एक ग्रामीण ने बताया कि देर रात उसके दोस्त रवि का फोन आया कि एक कार छप्पड़ में गिर गई है। उसे आशंका हुई कि कहीं रवि की कार ही हादसे का शिकार न हो गई हो। वह तुरंत घर से बाहर निकला और आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। कुछ ही देर में करीब 10 ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पानी के ऊपर दो युवकों को देखा और उन्हें बाहर निकाल लिया। इनमें से एक युवक का वजन अधिक होने के कारण उसे पानी से निकालने में करीब आठ लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, तब तक पानी में डूबे तीन अन्य युवकों की मौत हो चुकी थी।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा प्रबंध कड़े

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अगस्त।आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर लुधियाना देहात पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबंद कर दिया है। असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी प्रमुख प्रवेश औरि निकास बिंदुओं (एंट्री/एग्जिट प्वाइंट्स) पर विशेष नाकाबंदी कर दी गई है। सुरक्षा को पुख्ता करने के वास्ते पुलिस बलों द्वारा संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोकना है।



# पीएसआईईसी ऑफिस समेत 11 ठिकानों पर रेड में ईडी को बड़ी सफलता, 4.01 करोड़ रुपए फ्रीज, कैश बरामद

## लुधियाना की छह कंपनियां भी रडार पर, ईडी कर रही जांच

जालंधर/यूटर्न/13 अगस्त। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पिछले दिनों पीएसआईईसी के ऑफिस, लुधियाना समेत कई जिलों में 11 ठिकानों पर रेड की थी। इस रेड में ईडी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन (पीएसआईईसी) में हुए करोड़ों रुपए के इंडस्ट्रियल प्लॉट आवंटन घोटाले के सिलसिले में ईडी ने करोड़ों रुपए फ्रीज किए हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत की गई इस कार्रवाई में ईडी ने अधिकारियों के रिश्तेदारों और करीबियों को नियम ताक पर रखकर प्लॉट बांटने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। तलाशी में ईडी को 12.15 लाख रुपए की अघोषित नकदी, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस बरामद हुए हैं। इसके अलावा, पीएसआईईसी के 2 पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों के बैंक खातों में जमा करीब 4.01 करोड़ रुपए की राशि को तुरंत प्रभाव से फ्रीज कर दिया गया है।




## 3 दिनों तक चली ताबड़तोड़ छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पमला), 2002 के तहत 4 अगस्त, 5 अगस्त और 6 अगस्त को लगातार तीन दिनों तक व्यापक तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर और लुधियाना स्थित 11 अलग-अलग परिसरों पर एक साथ की गई। इसके साथ ही ईडी की टीम ने पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन (पीएसआईईसी) के मुख्य कार्यालय में पहुंचकर सर्वेक्षण की प्रक्रिया भी पूरी की।

## रिश्तेदारों और चहेतों को बांटे गए थे कीमती प्लॉट

आरोप है कि पीएसआईईसी के तत्कालीन अधिकारियों ने सरकारी नियमों और प्रक्रियाओं को ताक पर रखकर अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और व्यावसायिक सहयोगियों के नाम पर कीमती औद्योगिक प्लॉट आवंटित किए थे। इस फर्जीवाड़े के जरिए बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका जताई जा रही है।

## लुधियाना की छह कंपनियां भी रडार पर

पीएसआईईसी से प्लॉट खरीदने के मामले में लुधियाना की छह नामी कंपनियां भी शामिल है। ईडी द्वारा इन कंपनियों के संबंध में ग्लाडा से रिकॉर्ड मांगा है। जिसमें कंपनियों को अलॉट किए प्लॉट, उसमें किए बदलाव समेत हर चीज मांगी गई है। इनमें एवन साइकिल लिमिटेड को 20 एकड़, वर्धमान एंड महावीर स्पिनिंग जनरल मिल्स लिमिटेड को 60 एकड़, रॉयल इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 20 एकड़, हीरो साइकिल लिमिटेड को 100 एकड़, ओसवाल फैट्स एंड ऑयल लिमिटेड को 100 एकड़, रितेश इंडस्ट्रीज लुधियाना को 40 एकड़ जमीन का रिकॉर्ड मांगा गया है।

## डीजीपी को ईडी ने भेजा रिमाइंडर

ईडी ने पंजाब के डीजीपी को रिमाइंडर भेजकर पहले साझा की गई जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की है। ईडी के मुताबिक, पंजाब में आईएएस, आईपीएस समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग को लेकर एक कथित संगठित रैकेट चलने के आरोप हैं। एजेंसी का दावा है कि कुछ अधिकारियों की पोस्टिंग उनकी कथित वफादारी और कथित किकबैक के आधार पर प्रभावित करने का प्रयास किया जाता था। इसमें आप नेताओं के करीबी का नाम सामने आ रहा है। ईडी ने 24 जुलाई को पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत पंजाब के डीजीपी को एक लिखित कम्युनिकेशन भेजा था। इसके साथ 26 एनेक्सचर भी दिए गए थे। ईडी का दावा है कि इन दस्तावेजों में कई अधिकारियों की कथित भूमिका से जुड़ी जानकारी मौजूद है।

# सिखों-किसानों और पुलिस में टकराव, मंड पर एफआईआर करने को लेकर बड़ा विवाद, सात मुलाजिम कई प्रदर्शनकारी जख्मी

हरियाणा/यूटर्न/13 अगस्त। हरियाणा के अंबाला में इंटरनेशनल एंटी खालिस्तान टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड पर एफआईआर करने को लेकर सिक्खों और किसानों द्वारा वीरवार को धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस और सिख संगत के बीच दोपहर में शुरू हुआ टकराव रात नौ बजे के बाद और बढ़ गया। मंड पर एफआईआर दर्ज होने के बावजूद सिख जत्थेबंदियों और किसान जीटी रोड से नहीं हटे तो लाठीचार्ज करना पड़ा। आंसू गैस के गोले भी दागे। अंबाला पुलिस के डीएपी वीरेंद्र की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम में पुलिसवाले का सिर फूटने और कुछ प्रदर्शनकारियों को चोटें भी लगीं। एक डीएसी का अंगूठा कट गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान जख्मी 6 से 7 कर्मचारी आईसीयू में भर्ती है।



प्रदर्शन कर रही सिक्ख और किसान जत्थेबंदियों



मौके पर तैनात पुलिस फोर्स

## समझाने का किया गया प्रयास

इससे पहले अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन और एसपी अजीत शेखावत ने समझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। दोपहर 2 बजे से सिख जत्थेबंदियों के समर्थन में किसान भी सड़क पर डेरा जमाए हुए थे। रात को रोड पर लंगर छकाने की तैयारी हुई। इसे देखते हुए पुलिस ने दिल्ली से चंडीगढ़ और पंजाब की ओर जाने वाले वाहनों को शाहाबाद से दूसरे हाईवे पर डायवर्ट कर दिया। प्रदर्शनकारी 2 मांगों पर अड़े थे। पहली, पंजाब के लुधियाना निवासी इंटरनेशनल एंटी खालिस्तान टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड पर एफआईआर दर्ज की जाए। दूसरी, मंड पर हमले के आरोप में गिरफ्तार दो लोगों की रिहाई हो।

## हमलावरों की रिहाई पर फंसा पेच

पुलिस प्रशासन और सिख जत्थेबंदियों में काफी देर चली बातचीत के बाद खालिस्तान विरोधी नेता गुरसिमरन सिंह मंड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। हालांकि, मंड पर हमले के केस में गिरफ्तार युवकों को तत्काल रिहाई को लेकर पेच फंस गया। दोपहर में पंजोखरा साहिब गुरुद्वारे में बैठक के बाद काफी संख्या में सिख जत्थेबंदियां जीटी रोड जाम करने को निकली। पुलिस की बेरिकेडिंग भी तोड़ दी। इसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 सच्ची साधना और दृढ़ निश्चय से भगवान शिव की प्राप्ति...

# 12 साल से जारी बोगस बिलिंग का खेल! पुराने शातिर फिर सक्रिय, विभाग तमाशबीन

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। एक तरफ केंद्र और पंजाब की राज्य सरकार द्वारा बोग्स बिलिंग पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ पंजाब की आर्थिक राजधानी कहे जाते लुधियाना और मंडी गोबिंदगढ़, मोहाली, जालंधर और अमृतसर में ही बोग्स बिलिंग का बनवास पूरा होने जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि जिम्मेदारों द्वारा इस अवैध धंधे की रिवायत को तोड़ने से सरेआम मुंह फेर लिया जा रहा है। लुधियाना में एक समय नामी बिजनेसमैन रहे दो कारोबारियों को बोग्स बिलिंग करने वाले ठगों ने ऐसा जाल में फंसाया कि उन्हें अपने कारोबार तक बंद करने पड़ गए। दरअसल, बोग्स बिलिंग करने वाले ठगों द्वारा दोनों कारोबारियों की फर्मों के नाम पर 1-2 नहीं बल्कि दर्जनों बैंक अकाउंट फर्जी तरीके से खोल लिए गए। जिसके बाद उन खातों के जरिए कई हजार करोड़ का बिलिंग घोटाला कर डाला। इनके अलावा भी दो दर्जन से अधीक पीड़ित है। यहां यह कहावत सही बैठती है कि माल मालिकों का, मशहूरी कंपनी की। यानि कि कंपनियों कारोबारियों की और उनके नाम पर ठगी मार गए दूसरे लोग। इस मामले में दोनों कारोबारी पिछले 12 सालों से डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ विजिलेंस नई दिल्ली, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री पंजाब, ईडी, विजिलेंस ब्यूरो पंजाब और लुधियाना पुलिस कमिश्नर को शिकायतें दे रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी सुनवाई नहीं हो सकी।




### नट-बोल्ट कारोबारी के पास कभी 35 वर्कर करते थे काम

नट-बोल्ट कारोबारी रविंदर सिंह द्वारा आपबीती सुनाते हुए आरोप लगाए गए कि उनकी जम्मू कॉलोनी में शोभनित इंडस्ट्रीज के नाम से फर्म थी। उनके पास 35 वर्कर काम करते थे। लेकिन 12 साल पहले मंडी गोबिंदगढ़ के एक मनोज गुप्ता नामक व्यक्ति ने उनकी फर्म के नाम से कई बैंकों में अकाउंट खुलवा लिए गए, जिसमें मालिक खुद को बताया। जिसके बाद जमकर बोग्स बिलिंग की। उसने कई हजार करोड़ की टैक्स चोरी कर ली। उनकी फर्म का नाम होने के चलते सारा कसूर उनका निकाल दिया। मजबूर होकर उन्हें फैक्ट्री ही बंद करनी पड़ गई।

### लुधियाना-मंडी गोबिंदगढ़ के दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित

वहीं इन पीड़ितों ने आरोप लगाया कि बोग्स बिलिंग करने वाले ठगों द्वारा लुधियाना-मंडी गोबिंदगढ़ के दो दर्जन से अधीक कारोबारियों को अपना शिकार बनाया गया है। उनकी तरफ से लगातार उन कारोबारियों की फर्मो के नाम पर बिलिंग की जाती है और बड़े हेरफेर को अंजाम दिया जा रहा है। कई प्रशासनिक अधिकारियों की भी इसमें मिलीभगत है। इसी लिए शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती। वहीं सात पीड़ितों द्वारा पुलिस कमिश्नर लुधियाना को शिकायतें दी गई। सात शिकायतें एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-बी को भेजी गई। लेकिन सभी बंद कर दी।

### कभी था नामी कारोबार, आज सड़क पर आ गए

इसी कड़ी में जमालपुर के रहने वाले यशपाल के साथ भी कई हजार करोड़ का बोग्स बिलिंग घोटाला हुआ। उनकी बुकरम बनाने की फैक्ट्री थी। साल 2017 में एपी गुप्ता नामक व्यक्ति ने उनकी फर्म के नाम पर फर्जी खाते खुलवाकर जमकर टैक्स चोरी किया। जीएसटी विभाग को पता होने के बावजूद वे उन्हें परेशान करते रहे। जिसके चलते उन्हें अपनी फैक्ट्री ही बंद करनी पड़ गई। जिससे आज वे सड़क पर आ चुके हैं।

### हर शहर में चल रहा नेक्सस

यशपाल का आरोप है कि यह ठग इतने पावरफूल है कि उनके खिलाफ दी शिकायत को वे कुछ दिन बाद ही बंद करवा देते हैं। उनका नेक्सस पूरे पंजाब में फैला हुआ है। इसी के चलते मनोज गुप्ता और एपी गुप्ता द्वारा लुधियाना, मंडी गोबिंदगढ़, अमृतसर, मोहाली, बटाला समेत कई शहरों में उनकी फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवा रखे हैं। हर शहर में उनके ठग साथी मौजूद है। हालात यह है कि इसमें बैंक अधिकारी भी मिले हुए हैं।

### नौकरी करने वाला बना करोड़पति

रविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि किसी समय मनोज गुप्ता नौकरी करता था। लेकिन आज उसके पास कई लग्जरी कारें और महल जैसा घर है। उसकी सेटिंग इतनी बड़ी है कि उसने मिल्लरगंज के एक प्राइवेट बैंक में अपने नाम से 25 फर्मों के खाते खुलवा रखे हैं। लेकिन उसे बोलने वाला कोई नहीं है।

### 10 साल से विजिलेंस कर रही जांच

रविंदर सिंह अनुसार उन्होंने इस संबंधी विजिलेंस ब्यूरो पंजाब में शिकायत दी थी। 10 साल पहले दी शिकायत पर आज भी जांच चल रही है। वे महीने में दो बार मोहाली विजिलेंस ऑफिस के चक्कर लगाते हैं। इसके अलावा उन्होंने 500 पेज की ईडी को शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पीएम और सीएम तक को शिकायतें दी जा चुकी है।

### घोटाले का पता होने के बावजूद कर रहे परेशान

रविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि ठगों द्वारा आज भी सरकार के साथ घोटाला किया जा रहा है। लेकिन सेंट्रल जीएसटी व स्टेट जीएसटी की टीमों को अच्छे से मनोज गुप्ता के घोटालों की जानकारी है। लेकिन फिर भी विभाग के अधिकारी उन्हें परेशान करते हैं। आए दिन उन्हें नोटिस भेज दिया जाता है।

## पंजोखरा विवाद ने पकड़ा तूल, अंबाला-दिल्ली हाईवे पर टकराव



लालड़ू/यूटर्न/13 अगस्त। गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में सात अगस्त को हुए विवाद का मामला गुरुवार को और गरमा गया। एंटी खालिस्तान नेता गुरसिमरन सिंह मंड के खिलाफ केस दर्ज करने तथा उसके ऊपर हमले के मामले में कार्रवाई का सामना कर रहे युवकों को राहत देने की मांग को लेकर सिख संगत ने अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना लगा दिया। इससे मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई और भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस दौरान डीएसपी वीरेंद्र का अंगूठा कट गया, जबकि छह से सात पुलिस कर्मचारी घायल बताए गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ पुलिस कर्मचारियों को आईसीयू में भर्ती किया गया है।

**बैठक के बाद सड़क पर उतरी सिख संगत...** प्रदर्शन से पहले गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में सिख संगत की बैठक हुई। इसमें हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद बड़ी संख्या में लोग अंबाला-नारायणगढ़ रोड पर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बाद में अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जग्गी सिटी सेंटर के पास पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया।

## सराभा नगर और कॉलेज रोड पर सड़क धंसनी शुरू, किचलू नगर की तरह हादसे की आशंका



सराभा नगर में गुरु नानक स्कूल के पास हुआ खड्डा



कॉलेज रोड पर धंसने लगी सड़क

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। नगर निगम जोन-डी के अधीन आते किचलू नगर की लायंस क्लब रोड पर कुछ दिन पहले सड़क धंसने के कारण बड़ा हादसा हो गया था। अभी वे सड़क दुरस्त नहीं हुई और दूसरी तरफ अब जोन-डी के ही अधीन आते दूसरे पांश इलाकों में भी सड़कों की हालत खस्ता होनी शुरू हो चुकी है। जिसके चलते आशंका जताई जा रही है कि यहां भी सड़कें धंस सकती है। जिसका कारण प्राइवेट कंपनियों को परमिशनें देकर तारें डालने को खुदवाई सड़कें ही निकलकर सामने आ रहा है। दरअसल, सराभा नगर में गुरु नानक स्कूल के पास सड़क में खड्डा हो चुका है। जिसके चलते कभी भी यहां से सड़क धंसने की आशंका है। इसी तरह कॉलेज रोड पर भी सड़क अंदर की तरफ धंस चुकी है। इलाका निवासियों का कहना है कि कुछ दिन पहले यहां प्राइवेट कंपनियों द्वारा तारें डाली गई है। जिसके चलते आशंका है कि उस कारण सड़क धंस रही है। अब यह तो प्रशासन ही बता सकता है कि आखिर इसके पीछे का कारण क्या है। लेकिन कुल मिलाकर अगर यहीं हालात रहे तो कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। इन हादसों ने निगम की आपसी सेटिंग के बाद परमिशनें देने के मामलों में पोल खोलकर रख दी है।

# सामान को हाथ लगाया तो गुट्ट वढ़ दूं..पुलिस के सामने निहंग के तेवर, निगम टीम को धमकी

## 3बी2 में कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की टीम से भिड़ा निहंग

मोहाली/यूटर्न/13 अगस्त। शहर में सडक किनारे और बाजारों में लगने वाली अवैध रेहड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाली नगर निगम की टीम को एक बार फिर विरोध और धमकी का सामना करना पड़ा। 3बी2 मार्केट में रात के समय कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम के सामने निहंग बाने में रेहड़ी लगाने वाला व्यक्ति कथित तौर पर टीम से भिड़ गया। उसने पुलिस की मौजूदगी में निगम कर्मचारियों को धमकी देते हुए कहा, ह्यजिसने सामान को हाथ लगाया, उसका गुट्ट वढ़ दूं।ह्न इस दौरान मौके पर काफी हंगामा हो गया और आसपास मौजूद लोग भी घटनाक्रम देखकर हैरान रह गए।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में निहंग बाने में व्यक्ति निगम की टीम के साथ बहस करता दिखाई दे रहा है। जब निगम कर्मचारी रेहड़ी पर रखा सामान उठाने की कोशिश कर रहे थे तो वह विरोध करता नजर आया और कथित तौर पर उन पर हमला करने की कोशिश करता दिखाई दिया। मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद नजर आ रहे हैं। पुलिस के सामने हुई इस घटना के बाद काफी देर तक मौके पर तनाव का माहौल बना रहा।

> वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। धमकी का स्वत संज्ञान लेते हुए कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
> सौरव जिंदल, एसपी जांच मोहाली





### अवैध रेहड़ियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बढ़ रहा विरोध

नगर निगम की टीम की ओर से शहर की सडकों और बाजारों में यातायात में बाधा बनने वाली और बिना अनुमति लगाई गई रेहड़ियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम सामान जब्त करने पहुंचती है तो कई बार रेहड़ी संचालकों की ओर से विरोध किया जाता है। निगम कर्मचारियों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान उन्हें कई बार धमकियों और विरोध का सामना करना पड़ता है। 3बी2 की घटना ने एक बार फिर निगम की कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस बार पुलिस की मौजूदगी में निगम टीम के साथ कथित तौर पर बदसलूकी और धमकी का मामला सामने आया है।

### फेज-6 में भी निगम टीम पर हो चुका है हमला

यह पहला मामला नहीं है जब अवैध रेहड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले फेज-6 में सब्जी की रेहड़ियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भी निगम की एन्क्रोचमेंट टीम पर कथित तौर पर डंडों और लाठियों से हमला किए जाने का मामला सामने आया था। उस समय कर्मचारियों को मौके से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों के बीच निगम की कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। 3बी2 की ताजा घटना में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद निगम टीम को दी गई कथित धमकी का वीडियो सामने आने के बाद अब मामले में पुलिस कार्रवाई का इंतजार है।

# पंचकूला में दर्दनाक हादसा: जनरेटर चढ़ाते समय क्रेन पलटी, दो हेल्परों की मौके पर मौत





पंचकूला/यूटर्न/13 अगस्त। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक बिल्डिंग की छत पर क्रेन की मदद से भारी जनरेटर चढ़ाया जा रहा था। इसी दौरान वजन अधिक होने के कारण क्रेन अचानक असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय क्रेन के ऊपरी हिस्से पर मौजूद दो हेल्पर सड़क पर जा गिरे। सिर पर गंभीर चोट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवीन और मनीष के रूप में हुई है, जिनकी उम्र करीब 22 से 23 वर्ष बताई जा रही है। दोनों युवक क्रेन के साथ हेल्पर का काम करते थे और भारी सामान को ऊंचाई पर चढ़ाने में मदद करते थे। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक हिमाचल प्रदेश और दूसरा बिहार का रहने वाला था। हादसे में क्रेन चालक को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-19 चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज कमलजीत सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि जनरेटर चढ़ाने के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं।

## साबापुर चोरी मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार; दो सिलेंडर बरामद

अमरिंदर सिंह




मुलाना/यूटर्न/13 अगस्त। गांव साबापुर में घर से दो गैस सिलेंडर और 12 हजार रुपये नकद चोरी होने के मामले में मुलाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए दोनों गैस सिलेंडर भी बरामद कर लिए हैं।पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई 2026 को गांव साबापुर निवासी लखबीर सिंह पुत्र जबीत सिंह के घर से दो सिलेंडर और 12 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे। लखबीर सिंह की शिकायत पर थाना मुलाना में मुकदमा नंबर 189, दिनांक 27.07.2026, धारा 305/331(4) इठर के तहत मामला दर्ज किया गया था।मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 12 अगस्त 2026 को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ कल्लू पुत्र शमशेर सिंह, कमल कुमार पुत्र कुलदीप तथा जगजीत सिंह उर्फ शंटी, सभी निवासी गांव साबापुर, थाना मुलाना, जिला अंबाला के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि पूछताछ एवं तफ्तीश के दौरान आरोपियों द्वारा चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर बरामद कर लिए गए। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को 13 अगस्त 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें सेंट्रल जेल अंबाला शहर भेज दिया गया।यह कार्रवाई विश्वबन्धु, उपनिरीक्षक एवं प्रभारी पुलिस चौकी कलालटी की देखरेख में की गई।

## मुलाना में तिरंगे की शान, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा पूरा विधानसभा क्षेत्र



बराड़ा/यूटर्न/13 अगस्त। देशभक्ति के जज्बे के साथ मुलाना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और जुबां पर भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा।इस अवसर पर भाजपा महिला प्रदेश अध्यक्ष रिचा पाहवा ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता करते हुए कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगे के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय के दिल में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है।

चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने के लिए सभी नागरिकों को आपसी भाईचारे के साथ राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। तिरंगा यात्रा जैसेआयोजन युवाओं और समाज के हर वर्ग में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा देते हैं। यात्रा में पूर्व विधायक संतोष चौहान सरवाण, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य मोनिका कालड़ा, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र टोबा, बराड़ा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।



पेज 12 महाराष्ट्र में निहंग ने सुखबीर बादल पर कृपाण से...

## गुरुग्राम का ₹271 करोड़ का पेंटहाउस अब मैनहट्टन की लग्जरी प्रॉपर्टी की बराबरी करने की राह पर है

चंडीगढ़/यूटर्न/13 अगस्त। जब एंटरप्रेन्योर मानव सरदाना ने गुरुग्राम में DLF के 'द डहलियास' (The Dahlias) में एक पेंटहाउस के लिए ₹271 करोड़ चुकाए, तो यह सिर्फ भारत में प्रॉपर्टी की एक रिकॉर्ड-तोड़ डील नहीं थी। प्रति स्क्वायर फुट चुकाई गई कीमत के हिसाब से, गुरुग्राम का अल्ट्रा-लग्जरी रियल एस्टेट अब उस दायरे में आ गया है जो लंबे समय से दुनिया के सबसे महंगे प्रॉपर्टी मार्केट से जुड़ा रहा है।



सरदाना, जो इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज से जुड़े दिल्ली-NCR के बिजनेस परिवार का हिस्सा हैं, ने गोल्फ कोर्स रोड के पास सेक्टर 54 में DLF के 17 एकड़ के सुपर-लग्जरी प्रोजेक्ट में यह पेंटहाउस खरीदा है। इस प्रॉपर्टी का सुपर एरिया लगभग 17,200 स्क्वायर फुट और कारपेट एरिया लगभग 10,500 स्क्वायर फुट है। ₹271 करोड़ की इस डील का मतलब है सुपर एरिया के आधार पर लगभग ₹1.58 लाख प्रति स्क्वायर फुट, या कारपेट एरिया के आधार पर लगभग ₹2.6 लाख प्रति स्क्वायर फुट।

यह आंकड़ा तब और भी खास हो जाता है जब गुरुग्राम की तुलना मैनहट्टन से की जाती है। वर डॉलर के मुकाबले लगभग ₹89 के एक्सचेंज रेट पर, ₹1.58 लाख की कीमत लगभग $1,775 प्रति स्क्वायर फुट बैठती है।

इससे 'द डहलियास' का पेंटहाउस सीधे मैनहट्टन के लग्जरी रियल एस्टेट की बराबरी पर आ जाता है। 'स्ट्रीटईजी' (StreetEasy) की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2026 में मैनहट्टन में लग्जरी टाउनहाउस के लिए प्रति स्क्वायर फुट मांगी जाने वाली औसत कीमत $1,504 थी। हालांकि, मैनहट्टन के सबसे महंगे अपार्टमेंट और नए डेवलपमेंट की कीमत इससे कहीं ज्यादा हो सकती है, और कुछ खास 'ट्रॉफी प्रॉपर्टीज' की कीमत प्रति स्क्वायर फुट कई हजार डॉलर तक हो सकती है।

इस तुलना में एक जरूरी बात ध्यान में रखनी होगी: ₹1.58 लाख प्रति स्क्वायर फुट का आंकड़ा 'द डहलियास' डील के सुपर एरिया के आधार पर है, जबकि मैनहट्टन के आंकड़े इस बात पर अलग-अलग हो सकते हैं कि कीमत 'मांगी गई' (asking price) है या 'डील की गई' (transaction price) है, और प्रॉपर्टी किस तरह की है। इसलिए, यह पूरी तरह से एक जैसी तुलना नहीं है। लेकिन इस बात को ध्यान में रखने के बाद भी, यह आंकड़ा गुरुग्राम के लग्जरी हाउसिंग मार्केट की एक असाधारण कहानी बयां करता है।

एक दशक पहले, गुरुग्राम के किसी रिहायशी पते की तुलना मैनहट्टन से करना एक कल्पना जैसा लगता था। आज, मार्केट के सबसे ऊँचे सेगमेंट में यह अंतर बहुत कम हो गया है। और 'द डहलियाज' (The Dahlias) कोई अकेली घटना नहीं है। DLF ने अक्टूबर 2024 में लगभग 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस वाला यह प्रोजेक्ट लॉन्च किया था, जिसमें अलग-अलग अपार्टमेंट की कीमत ₹100 करोड़ से ₹170 करोड़ के बीच बताई जा रही है। उछत्रऋको उम्मीद है कि इस प्रोजेक्ट से ₹40,000 करोड़ से ज्यादा का रेवेन्यू मिलेगा और कंपनी पहले ही इसकी 65% से ज्यादा यूनिट्स बेच चुकी है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर मोहाली में फ्लैग मार्च, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

### डीएसपी हरसिमरत सिंह बल की अगुवाई में पुलिस ने बाजारों और प्रमुख इलाकों में किया मार्च, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का संदेश

मोहाली/यूटर्न/13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर मोहाली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए शहर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने प्रमुख बाजारों, सड़कों और संवेदनशील इलाकों में मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डीएसपी सिटी-2 हरसिमरत सिंह बल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

डीएसपी हरसिमरत सिंह बल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर मोहाली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और प्रमुख स्थानों पर पुलिस की तैनाती बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से लगातार चेकिंग और निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पुलिस का सहयोग करें और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।



**प्रमुख स्थानों पर बढ़ाई निगरानी...** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शहर के बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, होटल, रेस्तरां और प्रमुख मार्गों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। दिन-रात अलग- अलग शिफ्ट में बॉर्डर व अंदरूनी मार्ग पर नाके लगाए गए है जो 15 अगस्त तक लगेंगे। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने यह संदेश भी दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने जवानों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर पंचकूला पुलिस अलर्ट, शहरभर में फ्लैग मार्च और चेकिंग

### होटलों, क्लबों और बाजारों में जांच तेज, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर



कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर पंचकूला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के निर्देश पर शहर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई। डीसीपी पंचकूला अदिति सिंह ने बताया कि शहर के होटलों, क्लबों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगातार गहन चेकिंग की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जो को अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डॉग स्क्वॉड की मदद से संदिग्ध वस्तुओं और संवेदनशील स्थानों की जांच की जा रही है। पुलिस ने अतिरिक्त बल की तैनाती के साथ पैदल गश्त बढ़ा दी है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, बैरिकेडिंग और प्रमुख स्थानों पर चेकिंग जारी है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने लोगों से सुरक्षा जांच में सहयोग करने और अफवाहों से बचने की अपील की है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाना-चौकी को देने को कहा गया है।

## अंतिम संस्कार से पहले खुद सफाई कराने को मजबूर ग्रामीण



जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। नगर परिषद के अंतर्गत गांव अड्डा झुगियां के एकमात्र श्मशान घाट की बदहाली ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि अंतिम संस्कार से पहले लोगों को अपने खर्च पर झाड़ियां कटवाकर सफाई करवानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब एक वर्ष से यहां नियमित सफाई और रखरखाव नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी हरविंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, संतोष सिंह, देवी दयाल व अन्य ने बताया कि श्मशान घाट में चारों ओर झाड़ियां उगी हुई हैं और गंदगी फैली रहती है। कई बार नगर परिषद अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट का मुख्य प्रवेश द्वार भी नहीं लगाया गया है। इसके चलते आवारा पशु परिसर में घूमते रहते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर परिवार पहले ही दुख में होता है, ऐसे में सफाई और व्यवस्था की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों पर आना चिंताजनक है। गांव के बुजुर्गों और सामाजिक लोगों ने नगर परिषद और जिला प्रशासन से तत्काल सफाई करवाने, झाड़ियां को हटाने और मुख्य प्रवेश द्वार लगाने की मांग की है।

# सच्ची साधना और दृढ़ निश्चय से भगवान शिव की प्राप्ति संभव – आचार्य हरिकृष्ण जी महाराज

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। सिविल लाइंस स्थित श्री दंडी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा के पांचवें दिन वीरवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए भगवती पार्वती जी के मंगल विवाह की कथा सुनाई।आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने कहा कि सच्ची साधना और अटूट श्रद्धा से भगवान शंकर की प्राप्ति अवश्य होती है, लेकिन इसके लिए साधक के मन में दृढ़ निश्चय होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं और जो व्यक्ति श्रद्धा एवं विश्वास के साथ उनकी आराधना करता है, उस पर सदैव भगवान शिव की कृपा बनी रहती है।इस अवसर पर एस.एस. खुराना ने कहा कि श्री शिव पुराण कथा का आयोजन श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से जोड़ने और धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।




# शिवजी सबसे बड़े वैष्णव, सरलता से प्रसन्न होने वाले देव हैं : संत श्री गौरदास जी महाराज



लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री राधा गोविंद सरकार एवं श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा, आशीर्वाद एवं शुभ इच्छा से आयोजित सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा के सातवें दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। कथा का आयोजन पं. श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में किया जा रहा है।वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत परम श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज ने भगवान शंकर के अद्भुत चरित्र की सुंदर व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान शिव सबसे बड़े वैष्णव हैं। वे भगवान, गुरु, पिता और माता के समान हैं। भगवान शिव श्रीराम और श्रीकृष्ण के सेवक, सखा एवं स्वामी भी हैं तथा समस्त जगत के गुरु हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की सेवा में महंगे वस्त्र, श्रृंगार और छप्पन भोग आदि अर्पित किए जाते हैं, जबकि भोले बाबा केवल बेलपत्र, भांग, धतूरा और जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं। यही उनकी सरलता और भोलेपन का स्वरूप है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Toll Plaza पर लंबी लाइन लगे तो क्या वाहन चालक के अधिकार हैं?**


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

National Highway पर सफर करते समय Toll Plaza पर लंबी लाइन लगना आम बात है। कई बार वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या Toll Plaza पर इंतजार की भी कोई सीमा है?

NHAI ने National Highway के Toll Plazas के लिए ऐसी व्यवस्था के निर्देश दिए हैं जिससे एक वाहन का service time सामान्यत: 10 सेकंड से अधिक न हो और Toll Lane में वाहनों की लाइन 100 मीटर से ज्यादा न हो। NHAI के अनुसार 100 मीटर से ज्यादा लंबी लाइन होने पर, कुछ परिस्थितियों में वाहनों को बिना Toll दिए आगे जाने की अनुमति देने का प्रावधान किया गया है, जब तक लाइन 100 मीटर के अंदर न आ जाए।

इसके लिए कई Toll Lanes में Toll Booth से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक Yellow Line भी लगाई जाती है। इसका उद्देश्य यह है कि Toll Plaza पर अनावश्यक लंबी लाइन न लगे और वाहन चालकों को ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर बार कुछ मिनट की देरी होते ही Toll नहीं देना पड़ेगा। Traffic, किसी वाहन की खराबी, FASTag की समस्या या अन्य विशेष परिस्थितियों के कारण स्थिति अलग हो सकती है।

यदि आपको लगता है कि Toll Plaza पर नियमों का पालन नहीं हो रहा, तो घटना का समय, Toll Plaza का नाम और उपलब्ध अन्य जानकारी नोट करना उपयोगी हो सकता है। आवश्यकता होने पर संबंधित NHAI अथॉरिटी के सामने शिकायत की जा सकती है।

FASTag से जुड़ी समस्या होने पर भी वाहन चालक को अपनी Transaction Details और FASTag Account की जानकारी संभालकर रखनी चाहिए।

निष्कर्ष: Toll Plaza पर लंबी लाइन लगना हमेशा सामान्य मानकर चुप रहना जरूरी नहीं है। NHAI ने 10 सेकंड service time और 100 मीटर queue से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अपने अधिकार जानें और नियमों का पालन न होने पर उचित माध्यम से शिकायत करें।

## रूह से रूबरू




चारु नागपाल

### हमारी असीमित जरूरतें और हम।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हमारी जरूरतें कितनी हैं और हमने अपनी इच्छाओं के पंख कितनी दूर तक फैला रखे हैं। सच पूछो तो हमारी जरूरतें किसी समय तक रोटी, कपड़ा और मकान तक ही सीमित रहा करती थीं पर क्या आज के युग में जब इच्छाएँ इतनी असीमित हो चुकी हैं तब क्या हम लोग केवल इन्हीं बुनियादी चीजों के साथ जीवन बिता सकते हैं। आज बच्चों की स्कूल फीस, ट्यूशन फीस, वर्दी, कापियाँ-किताबें, दवाई, डाक्टर की फीसें, घर के रख रखाव का खर्च, समाज में रिश्ते बनाए रखने के लिए लेन-देन का खर्च और तो और जन्म और मृत्यु के समय होने वाले रीति-रिवाजों पर खर्च इसके अलावा और भी न जाने क्या क्या। क्या हम इन खर्चों से खुद को दूर रख सकते हैं अगर ऐसा हो जाए तो इन्सानी जिन्दगी की आधी से अधिक मुश्किलें दूर हो जाएँ पर ऐसा करेगा कौन? हम सभी एक भेड़चाल के बंधन में फंस चुके हैं यह एक ऐसी जरूरतों का जाल है जिसमें न चाहते हुए भी इन्सान फंसता जाता है और खुद को बुरी तरह विवश पाता है। हम सभी अंदर शांति की खोज तो करते हैं पर शांति तभी मिलेगी जब हमारा चित्त इन छोटे छोटे मक्कड़जालों में से बाहर निकलेगा। तो इस भंवर से बाहर निकलने के लिए अगर हम ज्यादा कुछ नहीं भी कर सकते तो कुछ पल के लिए सारी चिंता और परेशानियों को अपने जहन से बाहर निकालकर आँखें मूंद कर उस मालिक का शुक्रिया ही कर लिया करें जिन्होंने हमें इन जरूरतों को पूरा करने के काबिल बनाया।

# कांवड़ियों के सम्मान में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पार्षदों ने चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद

## भोले के भक्तों का फूल-मालाओं से स्वागत, सेवा को बताया सौभाग्य

जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। सावन माह की शिवरात्रि पर शहर में आस्था और सेवा का संगम देखने को मिला। वार्ड नंबर 7 के पार्षद सुरेश सैनी और वार्ड नंबर 5 के पार्षद करमजीत सिंह चौहान की ओर से कांवड़ यात्रा से लौटे शिव भक्तों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की खास बात यह रही कि दोनों पार्षदों ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ियों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। सावन माह में शिव भक्त कठिन यात्रा कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं, इसलिए उनकी सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और जलपान की व्यवस्था भी की गई। पार्षदों ने लोगों से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों में सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ियों ने सम्मान और सेवा के लिए आयोजकों का आभार जताया।

# तीज पर पारंपरिक रंगों में सजीं महिलाएं, ज्योति बनीं मिस तीज

डेराबस्सी /यूटर्न/13 अगस्त। जीरकपुर-अंबाला रोड स्थित एक होटल में गुलाबगढ़ रोड की महिलाओं ने उत्साह और धूमधाम के साथ तीज का त्योहार मनाया। कार्यक्रम का आयोजन रेखा सैनी और रीना सैनी की ओर से किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मेहंदी, संगीत, नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ज्योति को मिस तीज के खिताब से नवाजा गया। वहीं, अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विजेता रहीं महिलाओं को आयोजकों ने उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पंजाबी परंपराओं और लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। आयोजक रेखा सैनी और रीना सैनी ने कहा कि आधुनिक दौर में नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम जरूरी हैं। इससे महिलाओं के बीच आपसी मेलजोल और भाईचारा भी बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से दोपहर के भोजन का आनंद लिया।

# समाज सेवा की राह पर एक प्रेरणादायक सफर; रुचि बावा की कहानी

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। पंजाब स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स की उप चेयरमैन लुधियाना की रुचि कौर बावा उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने समाज सेवा को केवल एक पहल नहीं, बल्कि अपने जीवन का उद्देश्य बनाया।

जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं के लिए काम करने की इच्छा से शुरू हुई उनकी यह यात्रा आज एक बड़े सामाजिक दायित्व तक पहुंच चुकी है। इस जिम्मेदारी के बाद उनका काम बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर और व्यापक स्तर पर सामने आया। रुचि बावा आस अहसास की संस्थापक और अध्यक्ष हैं और पंजाब स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स की उप



चेयरमैन तैनात है। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और कानूनी सहायता जैसे क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने का काम करती है। संस्था की शुरूआत खास तौर पर संघर्ष कर रही महिलाओं और जरूरतमंद बच्चों की मदद के उद्देश्य से हुई थी।

**राजनीति के जरिए सकारात्मक काम का प्रयास होगा**...राजनीति में आने के सवाल पर रुचि बावा ने कहा कि अगर उन्हें भविष्य में राजनीति में आने का अवसर मिलता है, तो वह राजनीति के माध्यम से भी अच्छा और सकारात्मक काम करने की कोशिश करेंगी। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य केवल राजनीति में आना नहीं, बल्कि लोगों के लिए काम करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना होगा।

# आयकर विभाग ने लगाया निःशुल्क मेडिकल कैंप, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन बोले- नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छ वातावरण दोनों जरूरी

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। मुख्य आयकर आयुक्त, लुधियाना कार्यालय की ओर से ऋषि नगर स्थित आयकर भवन में निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप एवं वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कैंप एकाई अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। इसका उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन ने कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है। अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

एकाई अस्पताल के चेयरमैन डॉ. बलदेव सिंह औलख ने विभिन्न बीमारियों,



आधुनिक उपचार तकनीकों और अंगदान के महत्व पर जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और मेडिसिन से जुड़ी जांच की। 50 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए यूरिन, लीवर और प्रोस्टेट संबंधी परीक्षण भी किए गए। कार्यक्रम के दौरान आयकर भवन परिसर एवं कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। प्रधान आयकर निदेशक जितेंद्र कुमार, तारीक कलीम, विवेक नांगिया, प्रियंका सिंगला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और चिकित्सक उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले जीरकपुर में सुरक्षा सख्त, होटल-झुग्गियों में चेकिंग

## 15 अगस्त को लेकर पुलिस अलर्ट, शहर के संवेदनशील इलाकों में बढ़ी गश्त





जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जीरकपुर पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने वीआईपी रोड, दयालपुरा, नाभा, भबात सहित विभिन्न इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान होटल, गेस्ट हाउस, रैन बसेरों और झुग्गी-झोपड़ियों की जांच की गई। पुलिस ने होटलों में ठहरे लोगों के पहचान पत्र और एंट्री रिकॉर्ड की जांच की। होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया।

पुलिस टीमों ने रैन बसेरों और झुग्गी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जानकारी भी जुटाई। शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने के साथ आने-जाने वाले लोगों और वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है। थाना जीरकपुर के एसएचओ जस्वीर सिंह तूर ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शहर में चेकिंग और गश्त लगातार जारी रहेगी।

# सड़क हादसे में युवती की मौत, कार चालक के खिलाफ मामला

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। लुधियाना मुरादपुरा इलाके में गली में खेल रही बच्ची को ऑटो चालक ने कुचल दिया। ऑटो चालक बच्ची की छाती को कुचलते हुए निकल गया। जिस कारण वह



बुरी तरह से जख़्मी हो गई। परिवार द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस ने मुरादपुरा के अमन की शिकायत पर डाबा के विक्रम शाह खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक बच्ची की पहचान मनत परवीन के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह अपने साथ बच्ची को लेकर जाती है। ओस दौरान बच्ची फैक्ट्री के बाहर गली में खेल रही थी। इस दौरान अचानक आरोपी तेज रफ़्तार के साथ ऑटो लेकर आया। उसे बच्ची को कुचल दिया। जिससे बच्ची की मौत हो गई। पुलिस की और से आरोपी की तलाश में रेड की जा रही है।

# एनआरआई के घर से पाँच लाख कैश, पाँच तोले सोना और कीमती सामान चोरी, वारदात के बाद घर में लगाई आग

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। दरेसी के मोहल्ला बाल सिंह नगर में चोरों द्वारा एक एनआरआई के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों द्वारा घर से पाँच लाख रुपए कैश, पाँच



तौले सोना, दो सोने की अंगूठी, 600 डॉलर, 150 पाउंड, दो कीमती घड़ी और अन्य कीमती समान चोरी कर लिया है। चोरों की और से वारदात के बाद घर में आग भी लगा दी गई। थाना दरेसी की पुलिस ने बाल सिंह नगर के सुखविंदर पाल की शिकायत पर बालाजी एनक्लेव के सरवन कुमार, शिमला कॉलोनी के सुशील कुमार, काकोवाल रोड के मुहम्मद सैफ और कुलदीप नगर के बिट्टू कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस द्वारा आरोपियों से चोरी के सामान की बरामदगी की जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका पूरा परिवार एनआरआई है। सभी विदेश रहते है। शिकायतकर्ता अपने घर को ताला लगाकर ऑफिस चला गया। शाम को जब वह वापस आया तो देखा की घर के कमरे से धुआ निकल रहा था। उसे देखा की किसी ने घर में आग लगाई है। जबकि सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से कैश, शिकायतकर्ता की पत्नी के गहने और अन्य कीमती सामान गायब था। जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी।

# डीसी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण, मंत्री चीमा फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

लुधियाना/यूटर्न/13 अगस्त। 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल वीरवार को पीएयू के मैदान में आयोजित की गई। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने परेड की अगुवाई करते हुए ध्वजारोहण किया और विभिन्न टुकड़ियों से सलामी ली। परेड में पंजाब पुलिस, पंजाब होम गार्ड, एनसीसी



कैडेट्स सहित विभिन्न टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने शानदार पीटी शो और देशभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम, एकता और राष्ट्रीय भावना का संदेश देखने को मिला। फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर 15 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और आपसी तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिए।

# दो साल से बंद रास्ता, बाजार में बढ़ता जाम; लोगों ने सड़क पर सोफा रख जताया विरोध

जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। बलटाना मेन बाजार में शाम के समय बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच करीब दो वर्षों से बंद पड़े एक मार्ग को खोलने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि यदि इस रास्ते को आम आवाजाही के लिए खोल दिया जाए तो बाजार में लगने वाले जाम का दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। मंगलवार को लोगों ने विरोध का अलग तरीका अपनाते हुए बंद मार्ग के बीच सोफा रख दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह सोफा नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी के लिए रखा गया है, ताकि वे मौके पर आकर लोगों की समस्या देखें और रास्ता खुलवाने के आदेश दें।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक वार्ड नंबर-5 में



मेन बाजार के शोरूमों के पीछे से गुजरने वाली इस सड़क पर नगर परिषद की ओर से इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई गई हैं। आरोप है कि करीब दो साल पहले सड़क के एक सिरे पर बने गेट पर निजी ताला लगा दिया गया, जिसके बाद से यहां आम लोगों की आवाजाही बंद है। स्थानीय निवासी राजेश पांडे, मनोज कुमार झा, शुभम कुमार, बाबू भाई और गोपाल मिश्रा ने कहा कि शाम होते ही बलटाना मेन बाजार में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

बंद मार्ग खुलने से दोपहिया वाहन चालकों, कार चालकों और पैदल राहगीरों को अतिरिक्त रास्ता मिल सकता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले चार दिनों से मामला विभिन्न मीडिया माध्यमों में उठने के बावजूद नगर परिषद की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बंद सड़क पर नियमित सफाई नहीं होने से कूड़ा और गंदगी भी जमा हो रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की कि नगर परिषद पहले मार्ग की स्थिति और स्वामित्व स्पष्ट करे। यदि सड़क परिषद के अधिकार क्षेत्र में है तो उस पर लगा निजी ताला तत्काल हटाकर रास्ता जनता के लिए खोला जाए।

# घर-घर तिरंगा पहुंचाने निकली नारी शक्ति, देशभक्ति के रंग में रंगी विश्रान्ति सिटी

जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर में देशभक्ति का रंग गहराने लगा है। गाजीपुर रोड स्थित विश्रान्ति सिटी में आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान में इस बार नारी शक्ति की भागीदारी सबसे खास रही। महिलाओं ने न केवल कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि घर-घर जाकर लोगों को अपने मकानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के



लिए प्रेरित किया। मंडल प्रधान सतपाल बंसल और उप प्रधान राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम के दौरान लोगों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और प्रत्येक नागरिक के सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में आरएस कटारिया, रामचंद्र, भलेराम, एमसी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने मिलकर देश की एकता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान 'भारत माता की जय' और 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

# कर्मचारी संघ की मांगों के समर्थन में उतरी जिला कांग्रेस, नगर निगम अंबाला में हुए धरना-प्रदर्शन का किया समर्थन

अंबाला शहर/यूटर्न/13 अगस्त। जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ने कर्मचारियों की जायज मांगों का समर्थन करते हुए नगर निगम अंबाला शहर में आज आयोजित धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का गंभीरता से समाधान नहीं किया जा रहा।

जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी शहर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, पानी, जनसुविधाओं सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों में कर्मचारी दिन-रात अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में उनकी जायज मांगों की अनदेखी करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस ने कहा कि कर्मचारियों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर



उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। कर्मचारियों की मांगों को टालने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि सरकार को सकारात्मक रवैया अपनाते हुए लंबित मांगों पर समयबद्ध निर्णय लेना चाहिए।जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ने कर्मचारी संघों की वेतन एवं भत्तों से जुड़ी मांगों, सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य लंबित मांगों को जायज बताते हुए कहा कि कर्मचारियों को उनका अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज नगर निगम अंबाला शहर में कर्मचारियों द्वारा किया गया धरना-प्रदर्शन उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं और सरकार के प्रति असंतोष को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकार और उनकी जायज मांगों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है।

जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ने प्रदेश सरकार से मांग की कि कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को तुरंत बातचीत के लिए बुलाया जाए और उनकी सभी लंबित मांगों पर ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की गई तो पार्टी उनके समर्थन में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज और अधिक मजबूती से उठाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद धीमान एवं राकेश मेहलां, गुनजीत कौर बब्बल, कुलदीप सिंह गुल्लु रविन्द्र गुप्ता, अशोक सोनी, टहल राम, प्रेम प्रकाश, तरूण चुघ, रोहित गर्ग, खुशबीर वालिया, हरजीत बब्बल, कोमल जैन, रोबिन खोड़ा, कैप्टन सोडी, प्रतीक एवं काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# सुखबीर बादल - दो हमलों का संयोग और दूसरी बार उनका बाल-बाल बचना

ऐसा लगता है कि सुखबीर बादल को एक दुर्भाग्यपूर्ण नई राजनीतिक पहचान मिली है: लोग उन पर हमले के लिए लगातार नए और नाटकीय तरीके अपना रहे हैं। नांदेड़ की हालिया घटना परेशान करने वाली है, लेकिन यह एक ऐसा सवाल भी खड़ा करती है जिसे पंजाब काफी समय से टालता रहा है: आखिर सुखबीर बादल के खिलाफ इतना गुस्सा क्यों है? और इससे पहले कि कोई इसे साजिश करार दे, एक बात साफ कर लेनी चाहिए। नांदेड़ की घटना की जांच होनी चाहिए। किसी घटना का दो बार होना अपने आप में संयोग को साजिश में नहीं बदल देता। कभी-कभी दो घटनाएं इसलिए भी दो बार हो जाती हैं क्योंकि पंजाब की राजनीति की याददाश्त बहुत लंबी होती है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

लेकिन इस दोहराव को नजरअंदाज करना मुश्किल है। दिसंबर 2024 में, स्वर्ण मंदिर में सुखबीर को निशाना बनाया गया था। अब, नांदेड़ के हजूर साहिब में उन्हें फिर से निशाना बनाया गया है। ये दोनों ही सिखों के सबसे पवित्र धार्मिक स्थलों में से हैं।

यह वाकई एक संयोग है। और वह भी तब, जब उन्हें + सुरक्षा मिली हुई है। या कम से कम, यह इस बात का संकेत है कि सुखबीर बादल का राजनीतिक अतीत उनके साथ-साथ चलता रहता है।

नाराजगी की वजह कोई रहस्य नहीं है। बेअदबी के मामले, कोटकपुरा और बहबल कलां में गोलीबारी की घटनाएं, अकाली सरकार का धार्मिक संस्थाओं के बहुत करीब होने की धारणा और उसके बाद विश्वसनीयता का संकट - इन सबने गुस्से का एक बड़ा भंडार तैयार कर दिया है। अकाली दल को इन सबके लिए चुनावी कीमत चुकानी पड़ी है। उसका पतन इतना जबरदस्त रहा है कि उस पर अलग से राजनीतिक अध्ययन किया जा सकता है।

लेकिन वोट एक अलग बात है। गुस्सा दूसरी बात। और यहीं पर नांदेड़ की घटना दिलचस्प हो जाती है। सुखबीर अब उपमुख्यमंत्री नहीं हैं। अकाली दल का अब वह राजनीतिक दबदबा नहीं रहा जो कभी हुआ करता था। बादल सरकार अब इतिहास बन चुकी है। फिर भी, उनकी सरकार में नंबर दो रहे नेता के प्रति गुस्सा ऐसा बना हुआ है, जैसा आमतौर पर संपत्ति के विवादों में देखने को मिलता है। शायद यही असली कहानी है। पंजाब राजनीतिक रूप से भले ही आगे बढ़ गया हो, लेकिन उसके मतदाताओं का एक हिस्सा भावनात्मक रूप से अभी भी वहीं अटका हुआ है। सबसे आसान प्रतिक्रिया यही होगी कि इस घटना को सुरक्षा में चूक माना जाए। यह सवाल तो जरूर पूछा जाना चाहिए। सुरक्षा घेरे के बावजूद कोई सुखबीर के इतने करीब कैसे पहुंच गया? और ऐसी ही घटना पहले क्यों हो चुकी है? लेकिन सिक्योरिटी यह तो बता सकती है कि कोई व्यक्ति उनके करीब कैसे पहुँच गया। वह यह नहीं बता सकती कि कोई ऐसा क्यों करना चाहता था। यह सवाल ज्यादा बेचैन करने वाला है। सुखबीर बादल के खिलाफ वह कौन सी नाराजगी है जो खत्म होने का नाम ही नहीं लेती? और क्या अकाली दल ने कभी सच में इसे समझने की कोशिश की है — या वे ज्यादातर यही इंतजार करते रहे हैं कि पंजाब इसे भूल जाए? बदकिस्मती से बादलों के लिए, पंजाब चीजों को भूलने में कभी भी बहुत अच्छा नहीं रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की 'फुल ड्रेस रिहर्सल' आयोजित

## डिप्टी कमिश्नर ने तिरंगा फहराकर परेड से ली सलामी





आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न /13 अगस्त! जिला स्तर पर मनाए जा रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह की 'फुल ड्रेस रिहर्सल' आज गुरु नानक स्टेडियम, अमृतसर में आयोजित की गई। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने रिहर्सल का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्री हरमनबीर सिंह गिल, डी.सी.पी. श्री आलम विजय सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्रीमती पल्लवी मिश्रा, एस.डी.एम. अमृतसर-1 श्रीमती अलका कालिया, एस.डी.एम. अमृतसर-2 श्री गुरमंदर सिंह तथा सहायक कमिश्नर (जनरल) श्रीमती प्रगति सेठी भी उपस्थित रहे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने तिरंगा झंडा फहराने की रस्म अदा की और परेड से सलामी ली। परेड कमांडर श्री गगनदीप सिंह, ए.सी.पी. नॉर्थ के नेतृत्व में पंजाब पुलिस, पंजाब महिला प्लाटून, पंजाब होम गार्ड, एन.सी.सी. कैडेट्स तथा पंजाब पुलिस बैंड के साथ स्कूल बैंड की टीमों ने परेड में शानदार ढंग से हिस्सा लिया।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की देशभक्ति से ओत-प्रोत कोरियोग्राफी

इसके उपरांत विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कोरियोग्राफी प्रस्तुत की गई। इसके अलावा विद्यार्थियों ने गिद्धा, भांगड़ा और गतका की शानदार प्रस्तुतियां भी दीं, जिन्होंने समारोह में देशभक्ति के साथ-साथ पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की।

### 15 अगस्त को कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा होंगे मुख्य अतिथि

फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण करने के बाद डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उनके द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म अदा की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अमृतसर में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी निवासियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर शामिल होने का निमंत्रण देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और हम सभी को इसे मिल-जुलकर पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए।

# 16 अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष कैंप

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/13 अगस्त। भारत निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR)-2026 के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची 13 अगस्त को प्रकाशित कर दी गई है। मतदाता 13 अगस्त से 12 सितंबर तक सूची संबंधी दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पल्लवी मिश्रा ने बताया कि 16 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में बूथ लेवल



अधिकारी (इछड) मतदाताओं को ड्राफ्ट सूची में अपना नाम एवं विवरण जांचने में सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन योग्य मतदाताओं का नाम सूची में नहीं है या जिनके विवरण में संशोधन आवश्यक है, वे आवश्यकतानुसार फॉर्म-6, फॉर्म-6ए एवं फॉर्म-8 जमा करवा सकते हैं। इछड द्वारा संबंधित प्रक्रिया एवं दस्तावेजों के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी योग्य मतदाताओं से अपील की कि वे 16 अगस्त को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण अवश्य जांचें और किसी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित समय के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज करवाएं।

# सीमा पार तस्करी के दो नेटवर्क का पदार्फाश, 7 पिस्तौल और 2.03 किलो हेरोइन बरामद

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /13 अगस्त। पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सात अवैध पिस्तौल और 2.030 किलो हेरोइन बरामद की है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे तस्करों के संपर्क में थे और उनसे अवैध



हथियार प्राप्त कर अमृतसर व तरनतारन क्षेत्र में आगे सप्लाई करते थे। बरामद हथियारों में चार .30 बोर मेड इन चाइना और तीन 9एमएम मेड इन ऑस्ट्रिया पिस्तौल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान परगट सिंह उर्फ पग्गा, जनबर सिंह, बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला, अमनदीप सिंह उर्फ अमन और बलविंदर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त अमृतसर हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि पहले ऑपरेशन में परगट, जनबर और बलविंदर को पांच पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर दो और पिस्तौल बरामद हुई।

दूसरे ऑपरेशन में अमनदीप और बलविंदर काला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.03 किलो हेरोइन बरामद की गई। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में एफआईआर थाना इस्लामाबाद और थाना सुल्तानविंड में दर्ज की गई हैं। विदेशी तस्करों से संबंधों और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगी होने की संभावना है।

# मंड और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी हो ओर निर्दोष बच्चे तुरंत रिहा हों: ओंकार सिंह

अंबाला/यूटर्न/13 अगस्त। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने गुर सिमरन मंड के मामले मे सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून सबके लिए समान होना चाहिए। निष्पक्ष जांच के आधार पर मंड ओर उसके साथियो की गिरफ्तारी की जाए और निर्दोष गिरफ्तार किए गये बच्चे तुरंत बिना शर्त रिहा हों। किसी भी समुदाय, वर्ग या पक्ष के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार समाज में अविश्वास पैदा करता है और आपसी भाईचारे को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि जिस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ और उसके संबंध में विभिन्न प्रकार के आरोप सामने आ रहे हैं, उसकी उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करवाई जानी चाहिए। यदि जांच में यह तथ्य सामने आते हैं कि किसी व्यक्ति ने जानबूझकर किसी की जान को खतरे में डाला या वाहन से कुचलने का प्रयास किया, तो संबंधित धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कानून के अनुसार दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी और हरियाणा की पहचान हमेशा आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और शांति की रही है। कुछ व्यक्तियों के कारण पूरे प्रदेश का माहौल खराब होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि विवाद की परिस्थितियां कैसे बनीं, कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे और समय रहते स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि जनता के मन में अनेक सवाल उठ रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं तो उन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए बल्कि न्याय होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उकसावे की राजनीति और सामाजिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। हरियाणा को हिंदू-सिख, हिंदू-मुस्लिम या किसी अन्य आधार पर बांटने की राजनीति प्रदेश और देश के हित में नहीं है। प्रदेश की जनता शांति, भाईचारे और कानून के शासन में विश्वास रखती है।



# पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम पर गुरुद्वारे में हमला, निहंग ने कृपाण मारी, अस्पताल ले जाया गया



पंजाब/यूटर्न/13 अगस्त। महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक, गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक निहंग ने उन पर कृपाण से हमला किया। बादल के हाथ में चोट लगी है। हमले के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। घटना दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर हुई। पुलिस ने हमले के आरोपी निहंग जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सुखबीर बादल परिवार के साथ नांदेड़ के गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें यशोसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुखबीर बादल की सांसद पत्नी हरसिमरत कौर बादल को फोन कर सुखबीर का हाल जाना। सुखबीर बादल पर 4 दिसंबर 2024 को भी हमला हुआ था। गोल्डन टेंपल में सेवादार की धार्मिक सजा भुगतने के दौरान उन पर फायरिंग की गई थी।

# जगरांव में दो दशकों का इंतजार खत्म

## NHRC की विशेष जांच टीम ने की पीड़ितों के संघर्ष की सुध

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अगस्त। जगरांव थाने के बाहर पिछले साढ़े चार साल से न्याय की आस में बैठे पीड़ित परिवारों के संघर्ष को आखिरकार एक बड़ा मोड़ मिल गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली द्वारा भेजी गई तीन-सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) जगरांव पहुँच गई है। आयोग के एक आईपीएस अधिकारी की अगुवाई में इस टीम के पहुँचते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

पीड़ित परिवारों और दर्जन भर जनवादी संगठनों के नुमाइंदों ने टीम से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। उच्चस्तरीय जांच के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से दर्जनों गवाहों ने अपने बयान दर्ज करवाए। इसके बाद एसआईटी ने तत्कालीन डीएसपी द्वारा बनाए गए तथाकथित 'टॉर्चर रूम', थाने के बाहर चल रहे धरने स्थल और पुराने सिटी थाने का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर ही गवाहों के बयान दर्ज करते हुए तमाम भौतिक और दस्तावेजी साक्ष्य जुटाए। जांच



### क्या है पूरा मामला ?

मुख्य मुदई इकबाल सिंह रसूलपुर ने आरोप लगाया कि तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर सिंह बल्ल और एएसआई राजवीर सिंह ने जातिगत द्वेष के चलते अमानवीय अत्याचार किए। परिवारों को अवैध हिरासत में रखा गया, बहन कुलवंत कौर को बिजली के करंट लगाए गए और बहू मनप्रीत कौर को लैंगिक उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। पीड़िता सुरिंदर कौर, कमलजीत कौर और अन्य लोगों ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मी सलाखों के पीछे नहीं पहुँचते, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। साढ़े चार साल से थाने के बाहर डटे रहना पीड़ितों के अटूट हौसले की गवाही देता है।

टीम के समक्ष कीर्ति किसान यूनियन के साधु सिंह अच्चरवाल, दशमेश किसान मजदूर यूनियन के गुरदयाल सिंह तलवंडी, देहाती मजदूर सभा के निर्मल सिंह धालीवाल और यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजिंग के सतनाम सिंह लुधियाना सहित कई प्रमुख नेताओं ने खुलकर गवाही दी।

# मौजगढ़ में दुकानों की निशानदेही पूरी, अब पक्की रिपोर्ट का इंतजार

## रजौली रोड पर गोसाई मंदिर के पास हुई पैमाइश, करीब 10 दिन बाद सामने आएगी भूमि की वास्तविक स्थिति

अमरिंदर सिंह

बराड़ा/यूटर्न/13 अगस्त। मौजगढ़ क्षेत्र में रजौली रोड स्थित गोसाई मंदिर के पास दुकानों से जुड़ी भूमि को लेकर चल रहे मामले में आज 13 अगस्त 2026 को पैमाइश एवं निशानदेही की कार्रवाई करवाई गई। यह कार्रवाई भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के उद्देश्य से की गई है। मामला खसरा नंबर 38/1-2-3 से संबंधित बताया जा रहा है। इससे पहले संबंधित विभाग की ओर से निशानदेही के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई थी। शिकायत के बाद अब मौके पर पैमाइश एवं



निशानदेही की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।अब रिपोर्ट बताएगी दुकानों की वास्तविक स्थितिमौके पर हुई निशानदेही के बाद अब संबंधित विभाग की पक्की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रिपोर्ट आने में लगभग 10 दिन का समय लग सकता है।रिपोर्ट सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मौके पर बनी दुकानों की भूमि वास्तव में किसकी जगह में आती है, संबंधित भूमि का रिकॉर्ड क्या है और दुकानों का निर्माण किस भूमि पर हुआ है।फिलहाल निशानदेही के आधार पर किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि दुकानों का निर्माण सरकारी अथवा ढहऊभूमि पर ही हुआ है।

अंतिम स्थिति संबंधित राजस्व रिकॉर्ड, विभागीय रिकॉर्ड और निशानदेही की आधिकारिक रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगी।अब क्षेत्र के लोगों की नजर लगभग 10 दिन बाद आने वाली रिपोर्ट पर है। रिपोर्ट से ही यह तस्वीर साफ होगी कि दुकानों की वास्तविक स्थिति क्या है और भूमि किस विभाग अथवा व्यक्ति के रिकॉर्ड में दर्ज है।

# वार्ड-16 की समस्याओं पर विधायक रंधावा का फोकस, लोगों से पूछा- कहां अटके हैं विकास कार्य



डेराबस्सी/यूटर्न/13 अगस्त। नगर काउंसिल के वार्ड नंबर 16 ईसापुर में विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं को लेकर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बुधवार को क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। 'पंजाब का एक ही नारा—भगवंत मान दोबारा' अभियान के तहत आयोजित लोक मिलनी में विधायक ने लोगों से वार्ड की जरूरतों और लंबित कार्यों की जानकारी ली। लोक मिलनी के दौरान रंधावा ने लोगों से क्षेत्र में करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के साथ स्थानीय समस्याओं का समय पर समाधान करवाना जरूरी है। लोगों की ओर से सामने रखी गई जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित स्तर पर उठाकर हल करवाने का प्रयास किया जाएगा।

रंधावा ने कहा कि लोक मिलनी का उद्देश्य केवल सरकार की योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों के बीच जाकर यह जानना भी है कि उनके क्षेत्र में किन समस्याओं पर तत्काल काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हलका डेराबस्सी में विकास कार्य लगातार जारी रखे जाएंगे।

# राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता के आगे भाजपा का ग्राफ गिरा : डा. अनिल जयहिंद



डेराबस्सी/यूटर्न/13 अगस्त। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के ओबीसी विभाग के चेयरमैन डा. अनिल जयहिंद ने कहा कि देश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसके मुकाबले भाजपा का ग्राफ नीचे आ रहा है। वह डेराबस्सी में पंजाब कांग्रेस के प्रवक्ता अमित बावा सैणी के कार्यालय में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे। डा. जयहिंद ने दावा किया कि हाल के सर्वेक्षणों में राहुल गांधी की लोकप्रियता 55 से 58 प्रतिशत तक पहुंची है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता 42 प्रतिशत रह गई है।

# राजनीतिक हस्तियों की मौजूदगी में हुई विधायक पठानमाजरा के बेटे की सगाई

जीरकपुर/यूटर्न/13 अगस्त। सनौर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा के परिवार में आयोजित रिंग सेरेमनी राजनीतिक हस्तियों की मौजूदगी के चलते चर्चा में रही। उनके बेटे हरजशन ढिल्लों की सगाई तरनजीत सिंह विर्क की बेटी शुभनूर विर्क के साथ जीरकपुर में आयोजित समारोह के दौरान हुई। दोनों ने परिवार के सदस्यों और मेहमानों की मौजूदगी में एक-दूसरे को अंगूठी



पहनाई। समारोह में दोनों परिवारों के रिश्तेदारों और करीबी लोगों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता भी पहुंचे। मेहमानों ने नव-मंगेतर जोड़े को नई जिंदगी की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की। समारोह में पटियाला के पूर्व मेयर एवं कांग्रेस नेता संजीव बिट्टू ने भी शिरकत की। उन्होंने बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए जोड़े को बधाई दी। आम आदमी पार्टी की ओर से पूर्व मंत्री एवं समाना से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा भी समारोह में पहुंचे। इसके अलावा पार्टी के विभिन्न जिला पदाधिकारी और संगठन से जुड़े नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह में स्थानीय स्तर की राजनीतिक हस्तियों की अच्छी मौजूदगी रही, हालांकि पार्टी के कुछ प्रमुख चेहरे कार्यक्रम में दिखाई नहीं दिए।

# बठिंडा शहर के चार नेताओं की शिरोमणि अकाली दल और यूथ अकाली दल में नई नियुक्तियां

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/13 अगस्त। शिरोमणि अकाली दल और यूथ अकाली दल ने बठिंडा शहर से संबंधित वरिष्ठ नेताओं और दो युवा नेताओं को नई संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इन नियुक्तियों का शहर के अकाली नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। साथ ही पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल और सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल का धन्यवाद भी किया गया है।

जारी जानकारी के अनुसार, शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता एडवोकेट दलजीत सिंह बराड़ और पूर्व एमसी निर्मल सिंह संधू को






पार्टी की पीएसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा ओम प्रकाश शर्मा को शिरोमणि अकाली दल जिला बठिंडा का प्रेस सचिव बनाया गया है।

यूथ अकाली दल में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। अमरिंदर सिंह सिद्धू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा जीवन ज्योत सिंह डायमंड खन्ना को उपाध्यक्ष पंजाब नियुक्त किया गया है। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई है कि नए पदाधिकारी पार्टी को मजबूत करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इन नियुक्तियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिरोमणि अकाली दल बठिंडा शहरी के हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों, शहरी जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गोल्डी, बलजीत सिंह बीड़ बहिमण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, चमकौर सिंह मान, इंद्रजीत सिंह बराड़, मनमोहन कुक्कू, अमरजीत विरदी, मोहनजीत पुरी, राजबिंदर सिंह सिद्धू, बीबी जोगिंदर कौर, बीबी बलविंदर कौर, हर्ष सैनी और कुलदीप सिंह नंबरदार सहित कई अन्य नेताओं ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। नेताओं ने कहा कि पार्टी हाईकमान द्वारा की गई ये नियुक्तियां बठिंडा शहर में अकाली दल के संगठन को और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अनुभवी और सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारियां देकर पार्टी ने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया है और आने वाले समय में इसका लाभ संगठन को अवश्य मिलेगा।

## तीज के रंगों में रंगा बीवीएम यूएसएन, गिद्दा-लोकगीतों ने बांधा समां

डेराबस्सी/यूटर्न/13 अगस्त। भारतीय विद्या मंदिर, उधम सिंह नगर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने सावन की तीज को पंजाबी संस्कृति, गीत-संगीत और रचनात्मकता के रंगों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ शुरू हुए समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से माहौल को जीवंत बना दिया।



दिव्यांशी ने कविता पाठ से खूब तालियां बटोरीं, जबकि गुरकीरत ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। पारंपरिक पंजाबी परिधानों में मॉडलिंग, लोकगीत और जोशीले गिद्दा ने समारोह में पंजाब की लोक संस्कृति की झलक दिखाई।

मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में धनवी (XI H2) ने पहला, उर्शिता (XII H1) ने दूसरा और पलक (XII H1) ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य पवन सूद ने कहा कि तीज जैसे उत्सव विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास दिखाने का मंच भी देते हैं।

# फ्रीडम फाउंडेशन ट्रस्ट ने डेराबस्सी में मनाया तीज उत्सव

## नारी सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

डेराबस्सी/यूटर्न/13 अगस्त। फ्रीडम फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.), पटियाला की ओर से डेराबस्सी में हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकताओं और महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान तीज की सांस्कृतिक परंपराओं के साथ नारी सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन मनदीप सिंह ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज केवल उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्था महिलाओं के स्वावलंबन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। समाज की महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी तो समाज और देश भी तेजी से आगे बढ़ेगा।



### हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि तीज और हरियाली का गहरा संबंध है तथा प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला सेल अध्यक्ष रोजी सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतार सिंह भंगू और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव उषा गौतम सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया और समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के प्रयास जारी रखने की बात कही।

## पंजाब बीज घोटाले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जबाव, सीबीआई जांच को लेकर जनहित याचिका दायर

पंजाब/यूटर्न/13 अगस्त। पंजाब में बीज घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार समेत मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। यह याचिका होशियारपुर निवासी मंजीत सिंह और किसान नेता चरणजीत सिंह भुल्लर ने दायर की है। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया है कि पंजाब में बीज वितरण के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई। खास तौर पर मक्की के बीज की खरीद और वितरण में फर्जी बिल तैयार किए जाने का आरोप लगाया गया है।




**बीज दिए बिना रिकॉर्ड में वितरण दिखाया...** याचिकाकताओं का कहना है कि कई किसानों को वास्तव में बीज उपलब्ध नहीं कराया गया, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में यह दर्ज कर दिया गया कि किसानों को बीज बांट दिया गया है। इसी तरह बीज की खरीद और वितरण से जुड़े दस्तावेजों में कथित तौर पर फर्जी बिलिंग की गई। याचिकाकताओं के अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया में करोड़ों रुपये की कथित गड़बड़ी हुई। उनका दावा है कि यह मामला पिछले वर्ष सामने आया था और फिलहाल होशियारपुर जिले के दसूया क्षेत्र से जुड़ी जानकारी सामने आई है।

## खुशी कपूर की पहचान का दुरुपयोग करने वालों पर सख्ती अश्लील कंटेंट और अनधिकृत बिक्री पर रोक



दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेत्री खुशी कपूर की पहचान का कथित तौर पर दुरुपयोग करके बनाए गए अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट तथा उनकी अनुमति के बिना बेचे जा रहे सामान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने संबंधित पक्षों को ऐसे कंटेंट और उत्पादों को हटाने के निर्देश दिए हैं। पहचान के गलत इस्तेमाल पर कोर्ट सख्त मामले में अभिनेत्री की पहचान, नाम और छवि का कथित तौर पर बिना अनुमति इस्तेमाल किए जाने का मुद्दा उठाया गया था। कोर्ट के आदेश का उद्देश्य उनकी व्यक्तिगत पहचान और पब्लिसिटी राइट्स की रक्षा करना है। अदालत ने कथित आपत्तिजनक सामग्री को ऑनलाइन उपलब्ध कराने और उनकी पहचान का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर रोक लगाने की दिशा में निर्देश जारी किए। अश्लील कंटेंट और अनधिकृत मर्चेंडाइज पर कार्रवाई मामले में ऐसे ऑनलाइन कंटेंट का भी मुद्दा सामने आया, जिसमें खुशी कपूर की पहचान का इस्तेमाल कथित रूप से अश्लील सामग्री तैयार करने के लिए किया गया था। इसके अलावा उनकी तस्वीरों या नाम का इस्तेमाल कर बिना अनुमति उत्पाद बेचने की शिकायत भी की गई थी। कोर्ट ने ऐसे कंटेंट और लिस्टिंग को हटाने के लिए संबंधित प्लेटफॉर्म और पक्षों को आवश्यक कदम उठाने को कहा।

# महाराष्ट्र में निहंग ने सुखबीर बादल पर कृपाण से हमला किया; घायल, लेकिन हालत स्थिर

चंडीगढ़/यूटर्न/13 अगस्त। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को महाराष्ट्र के नादेड़ में एक गुरुद्वारे के अंदर शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर एक धारदार हथियार से हमला किया गया। यह हमला दोपहर करीब 1:45 बजे गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी मुगत में हुआ, जहां बादल गए हुए थे। हमलावर की पहचान निहंग जसपाल सिंह तेजपाल के तौर पर हुई है और घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

बादल के दाहिने हाथ में मामूली चोट आई और उन्हें इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। उनका इलाज यशोसाई अस्पताल में चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं। यशोसाई अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि कृपाण के हमले से हाथ में लगी चोट के लिए तीन सीनियर सर्जनों की टीम सुखबीर सिंह







बादल का इलाज कर रही है। उन्होंने बताया कि ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ पाए जाने के बाद लोकल एनेस्थीसिया देकर सर्जरी की जा रही थी।

हालात पर नजर रखने के लिए नादेड़ के कलेक्टर राहुल करदिले, पुलिस अधीक्षक नीलाभ रोहन, पुलिस महानिरीक्षक और सिविल सर्जन समेत जिले के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल में मौजूद थे। बादल की सुरक्षा में तैनात इंस्पेक्टर संतोष केंद्र पर भी हमला हुआ और उन्हें बचाने की कोशिश में उन्हें मामूली चोटें आई। हमलावर जसपाल सिंह तेजपाल को घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर रही है और घटना की आगे जांच कर रही है। आरोपी, पुणे के 62 वर्षीय वकील जसपाल सिंह, नादेड़ के पास माता साहिब गुरुद्वारे में दो साल से सेवा कर रहे थे। उन्होंने सुखबीर सिंह बादल पर तब कथित तौर पर हमला किया जब अकाली दल के नेता माथा टेकने के बाद बाहर निकल रहे थे। यह हमला गुरुद्वारे के परिसर के अंदर हुआ। सुखबीर सिंह बादल पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के बेटे हैं।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने विस्तृत जांच के आदेश दिए

घटना के बाद, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नादेड़ के पुलिस अधीक्षक से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों के मुताबिक, हमले के तुरंत बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

मुख्यमंत्री ने पुलिस को हमले के पीछे की वजह की जांच करने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुखबीर सिंह बादल की हालत स्थिर है।

# सोशल मीडिया पर लड़की बनकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

## पुलिस ने जालसाजी के बड़े रैकेट का किया पदार्फाश, मोहाली का युवक फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को बनाता था शिकार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अगस्त। सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाने और धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को लुधियाना ग्रामीण की साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर लड़की के रूप में पेश कर लोगों से संपर्क साधता था और फिर उन्हें ठगी का शिकार बनाता था। एसएसपी लुधियाना ग्रामीण डॉ.अंकुर गुप्ता के दिशा-निर्देशों के तहत, साइबर क्राइम इंचार्ज इंस्पेक्टर किरणदीप कौर की अगुवाई में यह विशेष कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने आरोपी की पहचान अमन पुत्र राजिंदर कुमार, निवासी वार्ड नंबर 02, पक्का किला, कुराली, मोहाली के रूप में की है।

क्या है पूरा मामला ? पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में




मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि इस शातिर ने अब तक सोशल मीडिया के जरिए कुल कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है और कितनी ठगी को अंजाम दिया है।

**पुलिस की ओर से जरूरी एडवाइजरी:** बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है।

**अपरिचितों से सावधान:** सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति से जुड़ते समय पूरी सावधानी बरतें।

**व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें:** किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक विवरण, या ओटीपी (OTP) साझा बिल्कुल न करें।

**पैसे का लेन-देन टालें:** ऑनलाइन माध्यमों से किसी अनजान व्यक्ति को पैसे न भेजें। यदि कोई भी संदिग्ध गतिविधि या ठगी का मामला सामने आता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें।

# एनआरआई पति के खिलाफ केस, पत्नी ने लगाया प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप




मोहाली।/यूटर्न/13 अगस्त। एनआरआई विंग पंजाब की जांच के बाद मोहाली के एनआरआई थाने में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे एक व्यक्ति के खिलाफ पत्नी को कथित तौर पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और घर से निकालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान मोहित ऋषि निवासी फेज-7 मोहाली मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया निवासी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने अपनी सास पर भी प्रताड़ित करने और घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार खरड़ निवासी करप्रीत शर्मा ने 23 फरवरी 2026 को एनआरआई विंग के समक्ष शिकायत दी थी। शिकायत में महिला ने बताया कि उसका विवाह 23 सितंबर 2023 को मोहित ऋषि के साथ चंडीगढ़ के सेक्टर-52 स्थित आर्य समाज मिशन में हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था।

# नन्हें-मुन्नों ने भरी देशभक्ति की उड़ान



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अगस्त। सनमति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव के प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस का पर्व बेहद उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने देश की आजादी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की यह आजादी हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों की अनगिनत कुर्बानियों का परिणाम है। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति प्रेम, आपसी एकता, अनुशासन और अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी से निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान रमेश जैन और सेक्रेटरी महावीर जैन ने भी नन्हें विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें देश की प्रगति व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के भीतर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना को मजबूत करने में बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। इस रंगारंग और प्रेरणादायक कार्यक्रम के दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनिया कपूर, शैली गाबा, आरती पलटा, रजनी रिहान, साक्षी चोपड़ा, निधि जैन, राजविंदर कौर, रेनू बाला, दीक्षा हंस, ज्योति रानी, गुरजीत कौर, रजनी रानी, राखी बंसल और मनदीप कौर आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# महिला से सोने का लॉकेट झपटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/13 अगस्त। सेक्टर-7 क्षेत्र में महिला से सोने का लॉकेट झपटने के मामले में पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच-2 ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इंदिरा कॉलोनी निवासी गोविंदा (26) और सोनू उर्फ टैक्सी (28) के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि एक अगस्त को महिला ने शिकायत दी थी कि वह सेक्टर-8 में काम खत्म कर सेक्टर-7 की ओर जा रही थी। इसी दौरान हेलमेट पहने दो




बाइक सवार युवक उसके गले से सोने का लॉकेट झपटकर फरार हो गए। थाना सेक्टर-7 में बीएनएस की धारा 304 के तहत केस दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच-2 इंचार्ज प्रवीण मलिक की अगुवाई में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 अगस्त को दोनों को गिरफ्तार किया। रिमांड के दौरान छीना गया लॉकेट, वारदात में इस्तेमाल वाहन और अन्य स्नैचिंग मामलों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस के मुताबिक गोविंदा पर पहले भी चोरी, स्नैचिंग और नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372